CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 162 ▫ रायपुर, रविवार 5 जुलाई 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## पंडवानी की स्वर लहरी पद्म विभूषण तीजन बाई नहीं रहीं

### राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार



जन्म
24 अप्रैल
1956
मृत्यु
5 जुलाई
2026



**रायपुर/दुर्ग, 5 जुलाई (हाईवे चैनल)।** रायपुर एम्स में करीब 38 दिनों तक चले लंबे इलाज के बाद रविवार सुबह इस महान कलाकार पंडवानी गायिका तीजन बाई ने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव गनियारी लाया गया। जहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनके पार्थिव शरीर को पंचतत्व में विलीन किया गया। तीजन बाई ने पंडवानी को वैश्विक स्तर पर जो पहचान दिलाई है, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। उनके निधन की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने एम्स पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। आज पूरे प्रदेश में कला प्रेमियों के बीच गहरा दुख है और हर कोई उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दे रहा है। तीजन बाई के पार्थिव शरीर के गांव पहुंचने के बाद वहां अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे रहे। इस दुखद घड़ी में उनके अंतिम दर्शन के लिए शिष्यों, ग्रामीणों के साथ-साथ कई राजनीतिक और सामाजिक प्रतिनिधि भी पहुंचे थे। गनियारी में दुर्ग कलेक्टर, एसएसपी और प्रशासन के अन्य उच्च स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। गांव में शोक की लहर है और हर कोई नम आंखों से अपनी प्रिय कलाकार को नमन किया।

### राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी, मुख्यमंत्री साय के साथ तमाम दिग्गज राजनेताओं ने दी श्रद्धांजलि

❑ *राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने पंडवानी गायिका तीजन बाई के निधन को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि उन्होंने अपनी सशक्त आवाज, प्रभावशाली उपस्थिति और अनोखी प्रस्तुति से महाभारत की कथाओं को मंच पर जीवंत किया. उन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा, समर्पण और वर्षों की साधना से उन्होंने छत्तीसगढ़ की समृद्ध पंडवानी परंपरा को देश-विदेश में पहचान दिलाई।*

❑ *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीजन बाई के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ की लोककला पंडवानी को अपनी भव्य प्रस्तुति से दुनियाभर में विशिष्ट पहचान दिलाई. उनका जाना कला एवं संस्कृति जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।*

❑ *मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने अपनी लोक संस्कृति की सबसे बड़ी गाथाकार को खो दिया है। उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा। तीजन बाई का जाना केवल एक कलाकार का निधन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की लोक विरासत के एक स्वर्णिम अध्याय का अंत माना जा रहा है।*

❑ *केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी दिग्गज पंडवानी गायिका के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है. अपनी अद्वितीय प्रतिक्षा और समर्पण से उन्होंने पंडवानी लोककला को विशिष्ट पहचान दिलाई. छत्तीसगढ़ की इस लोककला के संवर्धन में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।*

❑ *रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी तीजन बाई के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि लोक कलाओं के क्षेत्र में अपनी गायकी से अमिट छाप छोड़ने वाली लोकप्रिय पंडवानी गायिका तीजन बाई के निधन से मुझे गहरी वेदना की अनुभूति हुई है. छत्तीसगढ़ की कला को राष्टीय और अंतर्राष्टीय स्तर पर ख्याति दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।*

❑ *उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पंडवानी गायिका के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पद्म विभूषण डॉ. तीजन बाई का निधन अत्यंत दुखद है. उन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिक्षा, सशक्त अभिव्यक्ति और संगीत साधना के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा पंडवानी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया।*

### पद्म विभूषण तीजन बाई को अंतिम विदाई, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

प्रख्यात पंडवानी गायिका तीजन बाई के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में प्रदेश के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि शामिल हुए। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक अनुज शर्मा, ललित चंद्राकर और डोमन लाल कोर्सेवाडा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर अंतिम विदाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक, स्थानीय लोग और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़ में मौसम का बदला मिजाज

# प्रदेश में जमकर बारिश, कई इलाकों में घरों तक घुसा पानी, छुरा में ढहा कुसुमबोड़ा पुल

### अगले 48 घंटे भारी बारिश का अलर्ट



**रायपुर, 5 जुलाई (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर में शनिवार दोपहर से शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया। रातभर हुई लगातार बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की गंभीर स्थिति बन गई। उफनते नालों का गंदा पानी घरों में घुस गया, जिससे लोगों का घरेलू सामान, फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पानी में डूब गए। कई परिवारों ने पूरी रात जागकर घरों से पानी निकालने की कोशिश की, लेकिन बारिश थमने का नाम नहीं ले रही थी। बारिश का सबसे ज्यादा असर टाटीबंध, लाखेनगर, अश्वनी नगर, कुशालपुर, तुलसी नगर, बंजारी नगर और प्रोफेसर कॉलोनी समेत कई इलाकों में देखने को मिला। सड़कें पानी से लबालब भर गईं और कई जगहों पर हालात ऐसे बन गए कि सड़क और नाले में फर्क करना मुश्किल हो गया। जलभराव के चलते लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जबकि कई वाहन बीच रास्ते में बंद हो गए। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने छत्तीसगढ़ के कई जिलों में अगले 48 घंटे तक भारी से अति भारी बारिश की संभावना जताई है।

कई कॉलोनियों में बारिश का पानी सीधे घरों के अंदर घुस गया। कमरों, रसोई और आंगन में पानी भरने से लोगों का लाखों रुपये का सामान खराब हो गया। कुछ घरों में पलंग तक पानी पहुंच गया, जिससे परिवारों को रातभर जागकर बाल्टियों और मोटर पंप की मदद से पानी बाहर निकालना पड़ा। कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही, जिससे लोगों की परेशानियां और बढ़ गईं। स्थानीय लोगों ने नगर निगम की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि हर साल बारिश के दौरान यही स्थिति बनती है।

### दर्जनभर गांवों का संपर्क टूटा, आवाजाही पूरी तरह से ठप

**गरियाबंद, 5 जुलाई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ में मानसूनी गतिविधियां तेज हो रही है. प्रदेश के सभी संभागों के अधिकांश जिलों में पिछले 24 घंटों में जमकर बारिश हुई. आसमान में काले बादलों ने डेरा डाला हुआ है. भारी बारिश के कारण गरियाबंद जिले के कुसमी-छुरा मार्ग पर पुराना कुसुमबोड़ा पुल टूट गया है. दर्जनभर गांव का छुरा मुख्यालय से संपर्क टूट गया है, जिससे आवाजाही पूरी तरह से थम गई है. जानकारी के मुताबिक, कई गावों को छुरा मुख्यालय से जोड़ने वाला कुसुमबोड़ा पुल लगभग 40 साल से भी ज्यादा पुराना था. समय के साथ यह पुल काफी जर्जर हो चुका था. पुल टूटने से कोसमी, नवापारा, सारागांव, दुल्ला, चुरकीदादार, बम्हनी सहित दर्जनों गांव का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है. यह मार्ग ओडिसा के नुआपड़ा जिले को भी जोड़ता है, जहां से अंतरराज्यीय व्यापार होता आ रहा था. प्रभावित ग्रामीणों की प्रशासन से मांग है कि आवाजाही के लिए नए पुल का निर्माण किया जाए।



### हर साल बारिश में सबसे ज्यादा डूबने वाला आमापारा इस बार बना वाटर फ्री वार्ड

#### टीमवर्क से सुलझी सालो पुरानी समस्या: महापौर रामू रोहरा और पार्षद विजय मोटवानी के प्रयासों से मिली बड़ी राहत



**धमतरी, 5 जुलाई (हाईवे चैनल)।** बीती रात से अनवरत बारिश के बीच शहर के कई इलाके जलभराव से जूझ रहे हैं। विमल टॉकीज रोड, नवागांव में गंगा तालाब के पास, रामपुर वार्ड में डबरी के पास और सोरिद के डिपोपारा में सड़कों पर पानी भरने से आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं गर्मी से राहत और खेतों को पानी मिलने से किसान खुश हैं। लेकिन इसी बारिश में एक वार्ड ने मिसाल पेश की है। हर साल 'सबसे ज्यादा डूबने' वाला आमापारा वार्ड इस बार पूरी तरह 'वॉटर फ्री' रहा। आमापारा मुख्य मार्ग का इतिहास रहा है कि थोड़ी सी बारिश में ही यहां घुटनों तक पानी भर जाता था। दुकानों और घरों में पानी घुस जाता था। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए महापौर रामू रोहरा के मार्गदर्शन और वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य विजय मोटवानी के जमीनी प्रयासों से निगम ने संयुक्त प्लान पर काम किया। निगम द्वारा 49 लाख रुपये की लागत से आमापारा के मुख्य मार्ग में बड़ी नाली का निर्माण कराया गया। इसके साथ ही अंदरूनी गलियों में नालियों का जाल बिछाया गया और बारिश के ओवरफ्लो पानी को बालक चौक से ह्यूम पाइप डालकर सीधे मकई तालाब तक पहुंचाने की विशेष व्यवस्था की गई।

इस प्लानिंग का असर इस बार की बारिश में साफ दिखा। तेज बारिश में भी वार्ड में सिर्फ थोड़ी देर पानी रुका और तुरंत निकासी हो गई। धीमी बारिश में तो सड़कों पर पानी ठहरा ही नहीं। पहली बार मानसून में आमापारा की सड़कें सूखी नजर आईं। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि आमापारा की समस्या को हमने गंभीरता से लिया था। बजट स्वीकृत कराकर काम को प्राथमिकता दी। जब प्रशासन, पार्षद और विभाग एक साथ काम करते हैं तो नतीजे ऐसे ही आते हैं। आगे अन्य वार्डो में भी इसी तरह प्लान बनाकर काम करते हुए पानी निकासी की समस्या का हल निकाला जाएगा। वार्ड पार्षद विजय मोटवानी ने सुबह से ही वार्ड में भ्रमण कर जल निकासी का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि निगम की टीम के साथ मिलकर की गई प्लानिंग से ही वर्षों पुरानी समस्या का हल संभव हुआ है। यह पूरे वार्ड की जीत है। स्वास्थ्य विभाग के सभापति नीलेश लुनिया के निर्देश पर मानसून से पहले शहर भर की जाम नालियों से कचरा निकलवाया गया था। आमापारा में भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिससे नई नालियां पहले दिन से ही सुचारू रहीं। वार्डवासियों ने महापौर रामू रोहरा और पार्षद विजय मोटवानी दोनों के प्रयासों की सराहना की। लोगों का कहना है कि पहली बार बारिश में चैन की नींद आई है, वरना हर बार सड़को पर जलभराव परेशानी का सबब बनता था।

## पोते की मौत का सदमा नहीं सह पाए दादा देवीचंद अग्रवाल, परिवार पर टूटा दोहरा दुख!

**नई दिल्ली, 5 जुलाई (न्यूज चैनल)।** पुणे के बहुचर्चित केतन अग्रवाल मौत मामले से जुड़ी एक और दुखद खबर सामने आई है। केतन अग्रवाल के दादा देवीचंद अग्रवाल का 71 वर्ष की आयु में कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया। परिवार के अनुसार, पोते की मौत के बाद वह गहरे सदमे में थे और पिछले दो दिनों से आईसीयू में भर्ती थे। शनिवार रात डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पहले ही शोक में डूबा परिवार अब दोहरे दुख का सामना कर रहा है। वहीं, केतन अग्रवाल मौत मामले की जांच लगातार जारी है। पुलिस का आरोप है कि केतन की मंगेतर सिया गोयल और उसके कथित प्रेमी चेतन चौधरी ने साजिश रचकर लोहागढ़ किले से धक्का देकर उसकी हत्या की। पुलिस घटनास्थल पर रीक्रिएशन कर सबूतों की जांच कर रही है। अब सभी की नजरें जांच पूरी होने और इस हाई प्रोफाइल मामले की सच्चाई सामने आने पर टिकी हैं।

## राम मंदिर दान घोटाला: मोहन भागवत की दो टूक, कहा-हर पापी को मिले सख्त सजा



**नई दिल्ली, 5 जुलाई (न्यूज चैनल)।** अयोध्या के राम मंदिर में महादान पर डाका पड़ा है। दान पेटी से हुई इस चोरी ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। अब इस मुद्दे पर राष्टीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने सीधी हुंकार भरी है। उन्होंने साफ कह दिया है कि इस महापाप के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। रविवार को नागपुर में मीडिया के सामने आते ही भागवत ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने अलग से कोई घुमावदार बात नहीं की। भागवत ने सीधे तौर पर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के बड़े बयान को आगे कर दिया। भागवत ने दो टूक कहा, कल ही दत्तात्रेय होसबाले जी ने इस पर पूरा बयान जारी किया है, आप सब उसे ही देखें। होसबाले ने रामलला के दरबार में हुई इस हेराफेरी को अत्यंत निंदनीय बताया है। होसबाले ने कहा कि पीढ़ियों के खून-पसीने, संघर्ष और बलिदान से यह भव्य मंदिर बना है।

## दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

### 8 फरवरी 2024 की सुबह एक महिला की अध जली लाश मिली थी

**धमतरी, 5 जुलाई (हाईवे चैनल)।** गली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भोभलाबाहरा मारागांव के जंगल में 8 फरवरी 2024 की सुबह एक महिला की अध जली लाश मिली थी। विवेचना में हत्या का मामला सामने आया। इसमें दुगली पुलिस ने महिला के पति और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया था। इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ने दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी इसके अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भोभलाबाहरा मारागांव सीसी रोड किनारे 8 फरवरी 24 की सुबह अज्ञात महिला उम्र लगभग 25-30 वर्ष मृत अवस्था में पड़ी मिली। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा हमराह स्टाफ सहित घटनास्थल पहुंचकर तश्दीक किया तो एक महिला की अधजली मृत हालत में पड़ी होना पाये जाने पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।मृतिका के सिर, पेट पर गंभीर चोट मारने, गला काटने तथा आग से जलाने के निशान भी पाए गए।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 06/2024 धारा 302 भा.दं.सं. का कायम कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात मृतिका की शिनाख्तगी व अज्ञात आरोपी की पता तलाश शुरू किया गया। सीमावर्ती जिलों में दर्ज गुम इंसान की जानकारी ली गई।तभी जिला कांकेर के थाना भानुप्रतापपुर के गुम इंसान जयंत्री बाई पति मनराखन नेताम उम्र 30 वर्ष, निवासी मोहगांव, थाना भानुप्रतापुर जिला कांकेर के हुलिया व फोटो का मृतिका के शव से प्राप्त साक्ष्य के आधार पर मिलान होने पश्चात् गुमशुदा महिला/मृत महिला जयंत्री बाई के संबंध में जानकारी एकत्रित किया गया। संदेह के आधार पर मृतिका के पति मनराखन नेताम एवं भतीजा रामदेव सलाम को हिरासत में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया। अपराध स्वीकारोक्ति पश्चात् दोनो का अलग अलग मेमोरेंडम कथन लिया गया, जिसमें आरोपी मनराखन ने हत्या में प्रयुक्त औजार कटारी (मुर्गा काटने का चाकू) को घटनास्थल से बरामद कराया और घटनास्थल में आने-जाने में प्रयुक्त मोटर सायकल को पेश कर गवाहों के समक्ष जप्त कराया गया। आरोपी रामदेव ने पूर्व से घटनास्थल से जप्त जेकरॉड दिखाने पर उक्त रॉड का प्रयोग मृतिका जयंत्री बाई के सिर पर वार कर मारने में करना बताया। संपूर्ण विवेचना पश्चात् दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया।आरोपियों द्वारा मृतिका जयंत्री बाई के चरित्र पर संदेह कर आपराधिक षड्यंत्र करने व साक्ष्य विलोपित करने से धारा 120 बी, 201 भा.दं.सं. जोड़ी गयी। प्रकरण अजमानतीय होने से आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। मामले की सुनवाई पश्चात अपर सत्र न्यायाधीश अर्चना भास्कर ने आरोपी मनराखन नेताम एवं रामदेव सलाम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 500-500 अर्थदंड लगाया गया, जिसे नहीं पटाने पर एक वर्ष अधिक कारावास भुगतना होगा।

## ममता बनर्जी को बड़ा झटका, बंगाल टीएमसी चीफ चंद्रिमा भट्टाचार्य ने भी दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली, 5 जुलाई (न्यूज चैनल)।** तृणमूल कांग्रेस में फूट के बीच पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता बनर्जी को एक और बड़ा झटका लगा है। टीएमसी की प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देने का एलान कर सभी को चौंका दिया। चंद्रिमा भट्टाचार्य को ममता बनर्जी की करीबी नेता माना जाता है।

## पुलिस को देखकर भाग रहे युवक की गिरने से मौत, दूसरी तरफ नहा कर निकले युवक की अचानक मौत से साथी स्तब्ध

### शनिवार को जिला अस्पताल पुलिस चौकी में तीन पोस्टमार्टम कराए गए

**धमतरी, 5 जुलाई (हाईवे चैनल)।** शनिवार को जिला अस्पताल पुलिस चौकी धमतरी के अंतर्गत तीन पोस्टमार्टम हुए। तीनों अलग-अलग तरह के मामले हैं।जिसमें एक धमतरी का, दूसरा ओन्हा कोन्हा और तीसरा कुरुद क्षेत्र का है। महत्वपूर्ण बात है कि इसमें दो युवकों की जो मौत हुई है वह उसमें लगभग समानता दिखाई दे रही है। दोनों युवकों की हार्ट अटैक से मौत हुई है।

**पहला मामला:** नीरज मंडावी पिता बहुर सिंह 23 साल,गांव महकाकला थाना उताई, दुर्ग अपने 8 दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने शुक्रवार को ओन्हा कोन्हा आया था। पांच दोस्त नहाने उतरे बाकी 4 बाहर थे।नहाने के बाद लगभग 5 बजे सभी जाने लगे तभी नीरज को अचानक हिचकी आई और वह बेहोश हो गया। तुरंत उसे पुरूर अस्पताल ले जाया गया। जहां से धमतरी जिला अस्पताल रेफर किया गया। शाम 7:30 डॉक्टर ने जांच के बाद नीरज को मृत घोषित कर दिया।

**दूसरा मामला:** योगेश जांगड़े, पिता सुरेंद्र 27 वर्ष जोधापुर अपने दोस्त नितिन निवासी लालबगीचा के साथ रात करीब 8 बजे उसके घर तरफ गया था, रात करीब 10:30 बजे मृतक के दोस्त ने भाई भूपेश को फोन के माध्यम से सूचना दिया कि भाई की तबियत खराब हो गई है,लकवा जैसा शरीर ढीला पड़ गया जिसके बाद कांटा तालाब पानी टंकी पहुंचा।योगेश को स्कूटी जिला लाया गया उपचार के दौरान 12.20 बजे मौत गया। बाद में दोस्तों ने बताया कि वह पुलिस को देख कर भाग रहा था इसी दौरान वह गिर गया। इन दोनों मामलों में जो जानकारी मिली है उसमें एक समानता दिखाई दे रही है दोनों की मौत हार्ट अटैक से हुई है।यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी स्पष्ट हो गया है।

**तीसरा मामला:** ग्राम चारभांटा थाना कुरुद गांव का है।गांव का ही राहुल साहू गुदगुदा तरफ से ट्रैक्टर को चलाकर आ रहा था, इस दौरान दीक्षा साहू, तोषण साहू 5 वर्ष दौड़ते हुए ट्रेक्टर के चपेट में आ गई। इलाज के लिए धमतरी जिला चिकित्सालय लाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

CMYK